Exam dt: 02-10-21 (E)

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 40
Number of Pages in Booklet : 40

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

**Paper Code : 36**
**Sub: E.A.F.M.-II**

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या /
Question Paper Booklet No.

# APCE-12

1 4

समय : 3.00 घण्टे
Time : 3.00 Hours

## Paper - II

अधिकतम अंक : 75
Maximum Marks : 75

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Paper Booklet the candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Paper Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

1. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड की स्थापना दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (कोड) के तहत किस वर्ष में की गई थी ?
(1) अक्टूबर, 2016
(2) अक्टूबर, 2017
(3) दिसम्बर, 2016
(4) दिसम्बर, 2017

2. राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक का मुख्य प्रायोजक कौन है ?
(1) राजस्थान सरकार
(2) भारतीय स्टेट बैंक
(3) पंजाब नेशनल बैंक
(4) भारत सरकार

3. गजट नोटीफिकेशन के माध्यम से तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को समामेलित करते हुए, किस वर्ष में, बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 के तहत की गई थी ?
(1) 1976 (2) 2013
(3) 2002 (4) 1979

4. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(1) अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग की स्थापना
(2) विदेशी मुद्रा दरों में स्थिरता सुनिश्चित करना
(3) देशों के भुगतान संतुलन में असमानता या गलत समायोजनों को दूर करना या कम करना
(4) उपरोक्त सभी

5. 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में ______ दो बहुपक्षीय संगठनों को बनाया गया है ।
(1) IBRD और IMF
(2) WTO और ADB
(3) IDBI और IFCI
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

1. The Insolvency and Bankruptcy Board of India was established in which year under the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 (Code) ?
(1) October, 2016
(2) October, 2017
(3) December, 2016
(4) December, 2017

2. Who is the main sponsor of Rajasthan Marudhara Gramin Bank ?
(1) Government of Rajasthan
(2) State Bank of India
(3) Punjab National Bank
(4) Government of India

3. In which year, after amalgamating 3 Regional Rural Banks, the Baroda Rajasthan Kshetriya Gramin Bank was established under Regional Rural Bank Act, 1976 through Gazette notification ?
(1) 1976 (2) 2013
(3) 2002 (4) 1979

4. Which of the following is the objective of International Monetary Fund ?
(1) Establishing International Monetary Co-operation.
(2) Ensuring stability in the foreign exchange rates.
(3) Eliminating or reducing the disequilibrium or maladjustments in balance of payments of countries.
(4) All of the above

5. ______ are the two multilateral organizations created at in the Bretton Woods Conference in 1944 ?
(1) IBRD and IMF
(2) WTO and ADB
(3) IDBI and IFCI
(4) None of above

6. निम्न में से कौन ADRs निर्गमित कर सकता है ?
(1) अमेरिकी निवेशक द्वारा
(2) अन्तर्राष्ट्रीय एक्सचेंज द्वारा
(3) भारतीय रिजर्व बैंक
(4) यू.एस. के बैंक

7. भारतीय निर्यात-आयात बैंक की स्थापना किस वर्ष की गई थी ?
(1) 1972 (2) 1992
(3) 1982 (4) 1981

8. विश्व व्यापार संगठन ने आधिकारिक तौर पर निम्नलिखित में से किस समझौते के तहत शुरुआत की ?
(1) टोरक्यू समझौता
(2) जेनेवा समझौता
(3) मारकेश समझौता
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. ______ एक प्रकार का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश है, जिसमें कोई कम्पनी, मेजबान देश में पहले से मौजूद सुविधा का पट्टा या खरीद करती है।
(1) व्यूहरचनात्मक निवेश
(2) ग्रीनफील्ड निवेश
(3) ब्राउनफील्ड निवेश
(4) उपरोक्त सभी

10. भारत में ऑटोमेटिक रूट के तहत रक्षा उत्पादन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा क्या है ? [सितंबर 2020 को]
(1) 51% (2) 49%
(3) 74% (4) 26%

11. भुगतान संतुलन के चालू खाते में निम्नलिखित में से कौनसा शामिल नहीं होना चाहिए ?
(1) देशों के मध्य के दृश्य व्यापार
(2) देशों के मध्य के अदृश्य व्यापार
(3) इक्विटी शेयर धारकों को बोनस शेयर
(4) देश के बाहर रिश्तेदारों के लिए एक तरफा स्थानान्तरण

6. Which of the following may issue ADRs ?
(1) American Investors
(2) International Exchange
(3) RBI
(4) Banks of U.S.

7. EXIM bank was established in which year ?
(1) 1972 (2) 1992
(3) 1982 (4) 1981

8. The WTO officially commenced under which of following agreement ?
(1) Torquay agreement
(2) Geneva agreement
(3) Marrakesh agreement
(4) None of the above

9. ______ is a type of Foreign Direct Investment in which a company make lease or purchase of a pre-existing facility in host country.
(1) Strategic investment
(2) Greenfield investment
(3) Brownfield investment
(4) All of the above

10. What is the FDI limit in Defence Production under Automatic Route in India ? (As on September, 2020)
(1) 51 % (2) 49 %
(3) 74 % (4) 26 %

11. Which of the following should not be included in the current account of balance of payment ?
(1) Visible trading across countries.
(2) Invisible trading across countries.
(3) Bonus shares to equity shareholders.
(4) Unilateral transfers to relatives outside country.

12. एक देश द्वारा दूसरे देश में सरकार की प्रत्यक्ष विदेशी सहायता निम्नलिखित में से दूसरे देश के किस खाते में आएगी ?

(1) प्रत्यक्ष आय प्राप्ति खाता
(2) आधिकारिक संचय खाता
(3) पूँजी खाता
(4) चालू खाता

13. गैर-ऋण सृजन पूँजी अन्तर्वाह निम्न की श्रेणी में आता है :

(1) बाहरी वाणिज्यिक उधार
(2) पूँजी खाता
(3) चालू खाता
(4) आधिकारिक संचय खाता

14. केन्द्रीय बैंक और स्थाई विनिमय दर प्रणाली के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा सही है ?

(1) स्थिर विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में RBI के हस्तक्षेप की अनुमति नही है।
(2) स्थिर विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में RBI का हस्तक्षेप आवश्यक नहीं है जब विनिमय दरें नहीं बदलती है।
(3) विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में RBI का हस्तक्षेप अक्सर आवश्यक होता है।
(4) उपरोक्त सभी

15. विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम को प्रबंधित करने की बाहरी प्रक्रिया निम्नलिखित में से कौन सी है ?

(1) कुछ नहीं करना
(2) लिडिंग और लेगिंग
(3) नेटिंग
(4) विदेशी मुद्रा उधार लेना

12. Government's Direct Foreign Aid by a country to another country will come in which of the following accounts of the second country ?

(1) Direct income received account
(2) Official reserves account
(3) Capital account
(4) Current account

13. Non-debt creating capital inflow comes under the category of

(1) External commercial borrowings
(2) Capital account
(3) Current account
(4) Official reserves account

14. Which one of the following is correct with respect to Central Bank and Fixed Exchange Rate system ?

(1) RBI intervention in the fixed foreign exchange market is not permitted.
(2) RBI's intervention in the fixed foreign exchange market is not necessary as exchange rates do not change.
(3) RBI's intervention in the foreign exchange market is often necessary.
(4) All of the above

15. Which of the following is external process of managing Forex risk ?

(1) Do nothing
(2) Leading and lagging
(3) Netting
(4) Foreign currency borrowing

16. कथन-I : विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, विदेशी मुद्राओं की कीमतों का दो देशों के व्यापार के मध्य प्लवन प्रभाव (Spill-Over) प्रभाव पड़ता है ।

कथन-II : अक्सर विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, मौद्रिक प्राधिकरणों का उद्देश्य विनिमय दर को स्थिर करना होता है ।

कथन-III : विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार की आपूर्ति–पक्ष मात्रा लगभग असीमित है ।

उपरोक्त कथन में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(1) केवल कथन I
(2) केवल कथन I और II
(3) केवल कथन I और III
(4) सभी कथन सही हैं ।

17. निम्न में से कौनसा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) का प्रकार है ?

(1) क्षैत्रिज एफ.डी.आई.
(2) लम्बवत् एफ.डी.आई.
(3) समुचयकरण (Conglomerate) एफ.डी.आई.
(4) उपरोक्त सभी

18. एक देश में एक वर्ष के व्यापार संतुलन घाटे की स्थिति में था । मजदूरी, निवेश आय और वर्तमान स्थानान्तरण के लिए शेष शून्य था । निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य है ?

(1) यह संभव है कि, निवेश, बचत से आधिक्य में हो ।
(2) यह संभव है कि, विदेशी ऋण, व्यापारिक घाटे के बराबर रहा हो ।
(3) यह संभव है कि, पूँजी और वित्तपोषण खाते पर अधिशेष रहा हो ।
(4) उपरोक्त सभी

16. **Statement I** : In foreign exchange market prices of foreign currencies have spill-over effects on trade between two nations.

**Statement II** : Often in foreign exchange market, monetary authorities aim at stabilizing the exchange rate.

**Statement III** : The supply-side quantity of the foreign exchange market is virtually unlimited.

Which of the above statement(s) is correct ?

(1) Statement I only
(2) Statement I and II only
(3) Statement I and III only
(4) All the statements are correct.

17. Which of the following is a type of FDI ?

(1) Horizontal FDI
(2) Vertical FDI
(3) Conglomerate FDI
(4) All of the above

18. A country had a balance of trade deficit in a year. Balance for wages, investment income and current transfers were zero. Which of the following statement(s) is true ?

(1) It may possible that investment must have exceeded saving.
(2) It may possible that borrowing from abroad must have been equal to the trade deficit.
(3) It may possible that, there must have been a surplus on the capital and financing account.
(4) All of the above

19. बाजार विश्लेषण के तहत एक जोखिम जो, किसी विशिष्ट कम्पनी या उद्योग के लिए ना हो, को क्या कहते हैं ?
(1) अव्यवस्थित / अपद्धतिबद्ध जोखिम
(2) विशिष्ट जोखिम
(3) विविधतापूर्ण जोखिम
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

20. जोखिम प्रबंधन के बुनियादी तरीकों में शामिल है :
(1) जोखिम से बचाव
(2) जोखिम स्थानान्तरण
(3) जोखिम बाँटना
(4) उपरोक्त सभी

21. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय रुपये की परिवर्तनशीलता का लाभ नहीं है ?
(1) निर्यातों को प्रोत्साहन
(2) आयातों को हतोत्साहित करना
(3) विदेश से धन प्रेषण के लिए प्रोत्साहन
(4) आयात प्रतिस्थापन को हतोत्साहित करना

22. विनिमय दर किसके तहत शासित होती है :
(1) मात्रात्मक विधि (2) गुणात्मक विधि
(3) सैद्धान्तिक विधि (4) उपरोक्त सभी

23. एक आकस्मिक स्थिति में, भारत में विनिमय दर का निर्धारण कौन कर सकता है ?
(1) आई.एम.एफ. (IMF)
(2) आई.बी.आर.डी. (IBRD)
(3) आर.बी.आई. (RBI)
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

24. विश्व व्यापार संगठन किसके सहयोग से काम करता है (औपचारिक समझौते के साथ अथवा अनौपचारिक समझौते के साथ) ?
(1) विश्व बैंक और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(2) डबल्यू एच ओ
(3) विकल्प (1) और (2)
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. What do we call the risk not unique to a specific company or industry under Market Analysis ?
(1) Unsystematic risk
(2) Specific risk
(3) Diversifiable risk
(4) None of the above

20. Basic methods of Risk Management include
(1) Risk Avoidance
(2) Risk Transfer
(3) Risk sharing
(4) All of the above

21. Which of the following is not the benefit of Convertibility of Indian rupee ?
(1) Encouragement to exports.
(2) Discouragement to imports.
(3) Incentive to send remittances from abroad.
(4) Discouragement to import substitution.

22. Exchange rate is governed under
(1) Quantitative method
(2) Qualitative method
(3) Theoretical method
(4) All of the above

23. In an emergent situation, who may determine the Exchange Rate in India ?
(1) IMF
(2) IBRD
(3) RBI
(4) None of the above

24. WTO works in co-operation with which of the following (with formal agreements or without formal agreements) ?
(1) World Bank and IMF
(2) WHO
(3) Option (1) and (2)
(4) None of the above

25. भारतीय निर्यात-आयात बैंक निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?
(1) केवल भारत के आयात व्यापार से
(2) विदेशी व्यापार से
(3) केवल भारत के निर्यात व्यापार से
(4) भारत का घरेलू व्यापार

26. व्यापार-संतुलन सम्बन्धित है :
(1) घरेलू व्यापार (2) स्थानीय व्यापार
(3) निर्यात-आयात (4) उपरोक्त सभी

27. IDA, IFC संस्थान निम्न में से किस अग्रणी संगठन से सम्बन्धित है ?
(1) यू.एन.ओ. (UNO)
(2) डब्ल्यू.टी.ओ. (WTO)
(3) आई.एम.एफ. (IMF)
(4) आई.बी.आर.डी. (IBRD)

28. GDR अक्सर किस स्टॉक विनिमय केन्द्र पर सूचीबद्ध होते हैं ?
(1) न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज
(2) लंदन स्टॉक एक्सचेंज
(3) लक्समबर्ग स्टॉक एक्सचेंज
(4) विकल्प (2) और (3)

29. NAMA उत्पाद क्या है ?
(1) विनिर्माण उत्पाद
(2) ईंधन और खनन उत्पाद
(3) दोनों विकल्प (1) और (2)
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

30. निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?
(1) पूर्ण पूँजी खाता परिवर्तनीयता की अनुमति है।
(2) हमने 1997 के एशियाई वित्तीय संकट के कारण पूँजी खाता परिवर्तनीयता को जारी रखना रोक दिया।
(3) भारत में चालू खाता और पूँजी खाता दोनों में रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता की अनुमति है।
(4) उपरोक्त सभी

25. EXIM Bank is concerned with which of following ?
(1) India's import trade only
(2) Foreign trade
(3) India's export trade only
(4) India's domestic trade

26. Balance of trade is related to
(1) Domestic trade
(2) Local trade
(3) Export - Import
(4) All of the above

27. IDA, IFC Institutes are related with which of the following pioneering organization ?
(1) UNO
(2) WTO
(3) IMF
(4) IBRD

28. The GDRs are often listed at which of following Stock Exchange ?
(1) New York Stock Exchange
(2) London Stock Exchange
(3) Luxembourg Stock Exchange
(4) Option (2) & (3)

29. What are NAMA products ?
(1) Manufacturing products
(2) Fuels and mining products
(3) Both option (1) and (2)
(4) None of the above

30. Which of the following is not correct ?
(1) Full Capital Account convertibility is allowed.
(2) We stopped continuing Capital Account convertibility due to the 1997 Asian Financial Crisis.
(3) In India the full convertibility of Rupee is allowed in both current account and capital account.
(4) All of the above

31. निम्न में से कौन सा, एक देश के व्यापार संतुलन खाते के जमापक्ष में सम्मिलित किया जा सकता है ?
(1) आयात
(2) निर्यात
(3) घरेलू अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश
(4) विकल्प (2) व (3) दोनों

32. निर्यातक, जिसका वार्षिक निर्यात कारोबार ₹ _______ रूपये से अधिक है, वह ECGC की व्यापक शिपमेंट जोखिम नीति (Shipments Comprehensive Risks Policy) के लिए पात्र है ।
(1) 500 लाख (2) 100 लाख
(3) 25 लाख (4) 700 लाख

33. निम्नलिखित में से कौनसा ई सी जी सी का उद्देश्य है ?
(1) अप्रत्याशित नुकसान से भारतीय निर्यातकों को सुरक्षित रखें ।
(2) भारतीय निर्यातकों को पर्याप्त वित्त प्रदान करना
(3) दोनों विकल्प (1) और (2)
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

34. म्यूच्युअल फंड को चलाने के लिए कुछ प्रतिशत सम्पत्ति खर्च की जाती है । जो निवेशकों द्वारा वहन की जाती है । सम्पत्ति के उस प्रतिशत की गणना कैसे करेगें ?
(1) व्यय / पोर्टफोलियो का औसत मूल्य (यहाँ व्यय में क्रियात्मक लागत, दलाली, प्रबंधन परामर्श और सलाहकार शुल्क सम्मिलित हैं ।)
(2) व्यय / पोर्टफोलियो का औसत मूल्य (जहाँ व्यय में क्रियात्मक लागत, प्रबंधन परामर्श और सलाहकार शुल्क सम्मिलित है ।)
(3) व्यय / पोर्टफोलियो का औसत मूल्य (जहाँ व्यय ब्रोकरेज का प्रतिनिधित्व करता है ।)
(4) व्यय / पोर्टफोलियो का औसत मूल्य (जहाँ व्यय में क्रियात्मक लागत, प्रबंधन परामर्श और सलाहकार शुल्क सम्मिलित नहीं है ।)

31. Which of the following may be included in the credit side of Balance of Trade account of a country ?
(1) Imports
(2) Exports
(3) Foreign investment in the domestic economy.
(4) Option (2) & (3) both

32. Exporter whose annual export turnover is more than ₹ ___ is eligible for Shipments Comprehensive Risks Policy of ECGC.
(1) 500 Lakh (2) 100 Lakh
(3) 25 Lakh (4) 700 Lakh

33. Which one of the following is objective of ECGC ?
(1) Protect the Indian exporters against unforeseen losses.
(2) To provide adequate finance to the Indian exporters.
(3) Both option (1) and (2).
(4) None of the above

34. Some percentage of assets is spent to run a mutual fund which are born by investors. How to compute that percentage of assets ?
(1) Expenses/average value of portfolio (where expense includes operational cost, brokerage, management consultancy and advisory fees)
(2) Expenses/average value of portfolio (where expense includes operational cost, management consultancy and advisory fees)
(3) Expenses/average value of portfolio (where expense represents brokerage)
(4) Expenses/average value of portfolio (where expense excludes operational cost, management consultancy and advisory fees)

35. एक विनिमय केन्द्र पर ट्रेड किए जाने वाले फंड की
(1) कीमत का निर्धारण केवल हर दिन के अंत में किया जाता है।
(2) कीमत स्थिर रहती है और फंड की अवधि के दौरान किसी भी बदलाव से नहीं गुजरती है।
(3) आपूर्ति एवं माँग के उतार-चढ़ाव के साथ कीमत में दिनभर परिवर्तन होता रहता है।
(4) उपरोक्त सभी

36. निम्नलिखित में से कौन सा क्रेडिट रेटिंग के दायरे के बारे में सही है ?
(1) क्रेडिट रेटिंग के तहत ऋण प्रपत्रों के बारे में राय दी जाती है।
(2) क्रेडिट रेटिंग के तहत IPO के बारे में राय दी जाती है।
(3) क्रेडिट रेटिंग के तहत वाणिज्यिक प्रपत्रों के बारे में राय दी जाती है।
(4) उपरोक्त सभी

37. विनियमन के अधीन, स्वीकृत कुल व्यय अनुपात, औसत साप्ताहिक शुद्ध सम्पत्तियों के ______ होता है।
(1) प्रथम 100 करोड़ पर 3%
(2) प्रथम 200 करोड़ पर 3%
(3) प्रथम 500 करोड़ पर 2.5%
(4) प्रथम 100 करोड़ पर 2.5%

38. शुरुआती अत्यन्त उच्च जोखिम और रिटर्न की उच्चतम दर को वहन करना (स्टार्ट अप के लिए), निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आता है ?
(1) एंजेल निवेशक
(2) वेंचर कैपिटल फंड
(3) निवेश बैंक्स
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. An Exchange traded fund's
(1) price is determined only at the end of every day.
(2) price is fixed and does not undergo any change during the tenure of the fund.
(3) price changes throughout the day, fluctuating with supply and demand.
(4) All of the above

36. Which of the following is correct about the scope of credit rating ?
(1) Under credit rating opinion is provided about debt instrument.
(2) Under credit rating opinion is provided about IPO.
(3) Under credit rating opinion is provided about commercial paper.
(4) All of the above

37. The Total Expense Ratio (TER) allowed under regulation is ______ of average weekly net assets.
(1) 3% for the first 100 crore
(2) 3% for the first 200 crore
(3) 2.5% for the first 500 crore
(4) 2.5% for the first 100 crore

38. Bearing initial extremely high risks and highest rate of returns, (for start-ups) comes under the category of which of following ?
(1) Angel investors
(2) Venture capital funds
(3) Investment banks
(4) None of the above

39. क्रेडिट रेटिंग के बारे में क्या सही है ?
(1) सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (ऋणपत्र) के लिए क्रेडिट रेटिंग प्रक्रिया अनिवार्य है।
(2) सूचीबद्ध की जाने वाली कम्पनियों के IPO इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग के लिए क्रेडिट रेटिंग प्रक्रिया अनिवार्य नहीं है।
(3) NBFC द्वारा सार्वजनिक जमा के लिए क्रेडिट रेटिंग प्रक्रिया अनिवार्य है।
(4) कॉर्पोरेट द्वारा वाणिज्यिक-पत्रों के लिए क्रेडिट रेटिंग प्रक्रिया अनिवार्य है।

40. वेंचर कैपिटल निवेश सौदे के मूल्यांकन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?
(1) वेंचर कैपिटल निवेश सौदे के अन्तर्गत मूल्यांकन, सेबी के फॉर्मूले के अनुसार होता है।
(2) वेंचर कैपिटल निवेश सौदे में प्री-मनी वैल्यूएशन किया जाता है।
(3) वेंचर कैपिटल निवेश सौदे के अन्तर्गत मूल्यांकन, कम्पनी अधिनियम के अनुसार होता है।
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

41. एक इन्डेक्स्ड फंड [Indexed Fund] से अधिक एक्सचेंज ट्रेडेड फंड [Exchange Traded Fund] का मुख्य लाभ है :
(1) निवेश का लचीलापन
(2) अधिक आसानी से कारोबारित
(3) अधिक सुविधाजनक
(4) उपरोक्त सभी

42. एक कम्पनी में चार उधारकर्त्ताओं से ₹ 200 करोड़ की प्राप्ति होती है। कम्पनी इन्हें 1000 छोटे भागों में विभाजित करता है और इन्हें द्वितीयक बाजार में छोटे निवेशकों को बेचता है। ऋण के इस विखंडन को हम क्या कहते हैं ?
(1) ऋण ईकाई योजना
(2) ऋण सिक्यूरिटाइजेशन
(3) सम्पत्ति पुनर्निर्माण
(4) एक कम्पनी ऐसा नहीं कर सकती।

39. What is true about Credit Rating ?
(1) Credit Rating process is mandatory for listed Non-convertible Debentures.
(2) Credit Rating process is not mandatory for Initial Public Offerings of companies that are getting listed.
(3) Credit Rating process is mandatory for public deposit by NBFCs.
(4) Credit Rating process is mandatory for Commercial papers by Corporate.

40. Which of the following is true about valuation of Venture Capital investment deal ?
(1) In Venture Capital Investment deal, Valuation is done as per SEBI formula.
(2) Pre-money valuation is done in Venture Capital Investment deal.
(3) In Venture Capital investment deal, Valuation is done as per company law.
(4) None of the above

41. The main advantage(s) of an Exchange Traded Fund over an Indexed Fund is
(1) Investing flexibility
(2) Traded more easily
(3) More convenient
(4) All of the above

42. A company has receivables of ₹ 200 crores from four borrowers. It converts these into smaller portions of 1000 each and sells these to smaller investors in the secondary market.
What do we call this fragmentation of the loan ?
(1) Debt unit scheme
(2) Debt securitization
(3) Assets reconstruction
(4) A company cannot do this

43. _____ भारत में यू.टी.आई. स्कीम की सबसे बड़ी म्यूच्युअल फंड स्कीम थी, जो कि 2007 में बन्द हो गई थी।

(1) यूलिप
(2) यू.एस.-1995
(3) यू.एस.-64
(4) यू.टी.आई. बॉण्ड फण्ड

44. रिटर्न आवश्यकताओं और जोखिम सहिष्णुता की पहचान करना निवेश प्रक्रिया के निम्नलिखित में से किस घटक में शामिल है ?

(1) निवेश साधन
(2) व्यूहरचनात्मक विकास
(3) ग्राहक को समझना
(4) निवेश प्रक्रिया के हर घटक में

45. निम्न में से कौनसा नवीन निर्गमन बाजार (New Issue Market) का कार्य है :

(1) प्रादुर्भाव (2) अभिगोपन
(3) वितरण (4) उपरोक्त सभी

46. आपको क्षैतिज अक्ष पर प्रमाप विचलन एवं ऊर्ध्वाधर अक्ष पर अपेक्षित रिटर्न का एक ग्राफ दिया जाता है। आप उस लाइन को क्या कहेंगे जो उस पोर्टफोलियों का प्रतिनिधित्व करती है जिसमें जोखिम व प्रत्याय को बेहतर ढंग से जोड़ा जाता है ?

(1) पूँजी बाजार लाइन [The Capital Market line]
(2) प्रतिभूति बाजार लाईन [The Security Market line]
(3) चारित्रिक रेखा [The Characteristic line]
(4) उपरोक्त सभी

43. UTI scheme _____ was the largest mutual fund scheme in India, which was closed in the year 2007.

(1) ULIP
(2) US-1995
(3) US-64
(4) UTI Bond Fund

44. Identifying return requirements & risk tolerance is involved in which of the following component of the investment process ?

(1) Investment vehicles
(2) Strategy development
(3) Understanding the client
(4) In every component of the investment process

45. Which of the following is the function of New Issue Market ?

(1) Origination
(2) Underwriting
(3) Distribution
(4) All of the above

46. You are given with a graph with standard deviation on the horizontal axis and expected return on the vertical axis. What will you call the line representing the portfolio that optimally combine risk and return ?

(1) The capital market line
(2) The security market line
(3) The characteristic line
(4) All of the above

47. निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है ?

(1) यदि किसी परिसम्पत्ति की अपेक्षित प्रत्याशा, प्रतिभूति बाजार रेखा के ऊपर प्लाट होती है तो वह परिसम्पत्ति अधिमूल्यांकित है ।

(2) यदि किसी परिसम्पत्ति की अपेक्षित प्रत्याशा, प्रतिभूति बाजार रेखा के ऊपर प्लाट होती है तो सम्पत्ति उचित मूल्यांकित है । (यदि परिसम्पत्ति असामान्य रूप से बड़ी मात्रा में विशेष जोखिम रखती है ।)

(3) यदि किसी परिसम्पत्ति की अपेक्षित प्रत्याशा, प्रतिभूति बाजार रेखा के ऊपर प्लाट होती है, तो वह परिसम्पत्ति कम मूल्यांकित है ।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

48. कैपिटल एसेट प्राइसिंग थ्योरी का दावा है कि पोर्टफोलियो रिटर्न सबसे अच्छे से समझे जाते हैं :

(1) यदि मौद्रिक कारक मालूम हो
(2) बाजार प्रवृत्ति मालूम हो
(3) यदि व्यवस्थित जोखिम हो
(4) यदि विशिष्ट जोखिम हो

49. सी.ए.पी.एम. के तहत, हम कह सकते हैं कि अधिमूल्यांकित (Over Priced) प्रतिभूतियों के ______ होते हैं ।

(1) नकारात्मक एल्फा
(2) नकारात्मक बीटा
(3) सकारात्मक एल्फा
(4) शून्य बीटा

50. APT के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(1) CAPM के विपरीत, APT सूक्ष्म आर्थिक परिवर्तनीय चरों के आधार पर जोखिम प्रीमियम का उपयोग करता है ।

(2) CAPM के विपरीत, APT में कम प्रतिबन्धात्मक मान्यताएँ है ।

(3) CAPM के विपरीत, APT में प्रसामान्य रूप से वितरित प्रतिभूति रिटर्न की आवश्यकता होती है ।

(4) उपरोक्त सभी सही हैं ।

47. Which one of the following is true ?

(1) If an asset's expected return plots above the security market line, then the asset is overpriced.

(2) If an asset's expected return plots above the security market line, then the asset is fairly priced. (if it has an unusually large amount of unique risk)

(3) If an asset's expected return plots above the security market line, then the asset is under priced.

(4) None of the above

48. Capital Asset Pricing Theory asserts that portfolio returns are best explained if :

(1) Monetary factors are known
(2) Market trend is known
(3) Systematic risk is there
(4) Specific risk is there

49. Under the CAPM, we can say that overpriced securities have _____.

(1) Negative alphas
(2) Negative betas
(3) Positive alphas
(4) Zero betas

50. Which of the following is correct about APT ?

(1) In contrast to the CAPM, APT uses risk premiums based on micro economic variables.

(2) In contrast to the CAPM, APT have fewer restrictive assumptions.

(3) In contrast to the CAPM, APT requires normally distributed security returns.

(4) All of above is correct.

51. APT मॉडल किसने विकसित किया ?
(1) हैरी मार्कोविट्ज़
(2) वॉल्ट स्टॉय
(3) विलियम शार्प
(4) स्टीफन रॉस

52. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
(1) CAPM और APT दोनों अनुमान करते हैं कि, सभी निवेशक एक ही बाजार स्थिति में एक ही मार्केट पोर्टफोलियो रखेंगे।
(2) CAPM और APT दोनों बताते हैं कि, जोखिम और प्रत्याशित प्रत्याय के बीच सम्बन्ध है।
(3) CAPM और APT दोनों बताते हैं कि, जोखिम और प्रत्याशित प्रत्याय के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है।
(4) उपरोक्त सभी

53. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है ?
कथन-I : एक मजबूत रूप के प्रभावी बाजार [Strong form efficient market] में, किसी बाजार की सभी जानकारी, चाहे वह सार्वजनिक हो या निजी, का स्टॉक की कीमत पर प्रभाव पड़ता है।
कथन-II : EMH की प्राथमिक मान्यता यह है कि जानकारी सार्वभौमिक रूप से साझा की जाती है और स्टॉक की कीमतें एक रेन्डम दिशा का अनुसरण करती है।
(1) ना तो कथन I, ना ही कथन II
(2) कथन I केवल
(3) दोनों कथन (I) और (II)
(4) कथन (II) केवल

51. Who developed the APT model ?
(1) Harry Markowitz
(2) Walt Stoy
(3) William Sharpe
(4) Stephen Ross

52. Which of the following statement is correct ?
(1) Both the CAPM and the APT predict that, all investors will hold the same market portfolio in same market situation.
(2) Both the CAPM and the APT state that, there is a relation between risk and expected return.
(3) Both the CAPM and the APT state that, there is no relation between risk and expected return.
(4) All of the above

53. Which of the following statement is true ?
**Statement I** : In a strong form efficient market, all information in a market, whether public or private, is accounted for in a stock's price.
**Statement II** : The primary assumptions of EMH are that information is universally shared and that stock prices follow a random walk.
(1) Neither Statement I nor Statement II.
(2) Statement I only.
(3) Both Statement I & Statement II.
(4) Statement II only.

54. निम्नलिखित में से कौनसी भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए विशेष रूप से स्थापित एक पूर्ण सेवा क्रेडिट रेटिंग एजेंसी है ?

(1) एस.एम.ई.आर.ए. (SMERA)
(2) आई.सी.आर.ए. (ICRA)
(3) ओ.एन.आई.सी.आर.ए. (ONICRA)
(4) क्रिसिल (CRISIL)

55. निम्नलिखित में से कौन सा मुद्रा बाजार उपकरण है ?

(1) ट्रेजरी बिल
(2) सर्टिफिकेट ऑफ डिपाजिट (CD)
(3) वाणिज्यिक प्रपत्र
(4) उपरोक्त सभी

56. निम्न में से कौन सी द्वितीयक बाजार की विशेषता है ?

(1) कम लेनदेन लागत / सौदा लागत और सभी निवेशकों को तरलता देता है ।
(2) इनसाइडर ट्रेडिंग की वजह से घटित किसी भी विकास से प्रतिभूतियों की कीमत को दुर्लभ रूप से समायोजित करता है ।
(3) विकल्प (1) और (2)
(4) ना तो विकल्प (1) और ना (2)

57. पोर्टफोलियो थ्योरी का माध्य विचरण विश्लेषण मॉडल किसने विकसित किया ?

(1) विलियम शार्प
(2) स्टीफन रॉस
(3) इयूजीन फामा
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

58. सेबी के वर्तमान अध्यक्ष कौन है ? (फरवरी 2021 में)

(1) श्री जी. महालिंगम
(2) श्री एस.के. मोहंती
(3) वित्तमंत्री (पदेन)
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

54. Which of the following is a full service Credit Rating Agency exclusively set up for micro, small and medium enterprises in India ?

(1) SMERA (2) ICRA
(3) ONICRA (4) CRISIL

55. Which of the following is money market instrument ?

(1) Treasury bills
(2) Certificates of deposit
(3) Commercial paper
(4) All of the above

56. Which of the following is a feature of Secondary Market ?

(1) Low transaction cost and gives liquidity to all investors.
(2) Rarely adjusts the security's price to any development due to insider trading.
(3) Option (1) and (2).
(4) Neither option (1) nor (2).

57. Who developed Mean Variance Analysis Model of Portfolio theory ?

(1) William Sharpe
(2) Stephen Ross
(3) Eugene Fama's
(4) None of the above

58. Who is the present Chairman of SEBI ? (as on February 2021)

(1) Shri G. Mahalingam
(2) Shri S.K. Mohanty
(3) Minister of Finance (ex-officio)
(4) None of the above

59. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) विनियम किस वर्ष में पारित किए गए थे ?

(1) 2016 (2) 2017
(3) 2018 (4) 2019

60. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की पुनः खरीद) विनियम किस वर्ष में पारित किए गए थे ?

(1) 2016 (2) 2017
(3) 2018 (4) 2019

61. निम्नलिखित में से कौनसा सेबी द्वारा लिया गया निवेशक सुरक्षा उपाय नहीं है ?

(1) शेयर हस्तांतरण और आबंटन प्रक्रिया का सरलीकरण
(2) यूनिक आदेश कोड संख्या
(3) निवेशक सुरक्षा निधि से प्रत्येक निवेशक को निधि प्रदान करना
(4) अनुबंधो का समय पर मुद्रांकन

62. निम्नलिखित में से कौन सा क्लियरिंग कॉर्पोरेशन नहीं है ?

(1) NSE IFSC क्लियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(2) मल्टी कोमोडिटी एक्सचेंज क्लियरिंग कोर्पोरेशन लिमिटेड
(3) मेट्रोपॉलिटन क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(4) NSE ट्रेड सेटलमेंट क्लियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड

59. Securities and Exchange Board of India (Foreign Portfolio Investors) Regulations were passed in which year ?

(1) 2016 (2) 2017
(3) 2018 (4) 2019

60. Securities and Exchange Board of India (Buy-back of Securities) Regulations were passed in which year ?

(1) 2016 (2) 2017
(3) 2018 (4) 2019

61. Which of the following is not an investor protection measure taken by SEBI ?

(1) Simplification of share transfer and allotment procedure.
(2) Unique order code number.
(3) Providing fund to each investor from Investor protection fund.
(4) Timely stamping of contracts.

62. Which of the following is not a Clearing Corporation ?

(1) NSE IFSC Clearing Corporation Limited.
(2) Multi Commodity Exchange Clearing Corporation Ltd.
(3) Metropolitan Clearing Corporation of India Ltd.
(4) NSE Trade Settlement Clearing Corporation Limited

63. निम्नलिखित में से कौनसा NSE क्लियरिंग लिमिटेड का उद्देश्य नहीं है ?
(1) प्रतिभूतियों के समाशोधन और निपटान में विश्वास जगाने एवं बनाए रखने के लिए
(2) प्रतिपक्ष जोखिम गारंटी प्रदान करने के लिए
(3) लंबे निपटान चक्रों को बढ़ावा देने एवं बनाए रखने के लिए।
(4) एक तंग जोखिम रोकथाम प्रणाली संचालित करने के लिए।

64. एक गतिविधि की अवधि 5 दिन है। शुरूआत का नोड पर 5 दिवस का पूर्व शुरूआती समय [early start time] और 6 दिवस का विलम्बतम शुरूआती समय [latest start time] रखता है।
अंत का नोड, 11 दिवस का पूर्व शुरूआती समय [early start time] और 12 दिवस का विलम्बतम शुरूआती समय [latest start time] रखता है।
कुल फ्लोट है :
(1) 1 दिवस (2) 2 दिवस
(3) 5 दिवस (4) 7 दिवस

65. किसी परियोजना में गतिविधि का निम्नलिखित समय अनुमानित है :
पूरा होने का समय (सबसे अधिक संभावना) : 07 दिवस
आशावादी समय : 06 दिवस
निराशावादी समय : 09 दिवस
इस गतिविधि के लिए अपेक्षित समय और विचरण क्या होगा ?
(1) 7.17 दिवस, 0.25 दिवस
(2) 7.33 दिवस, 0.25 दिवस
(3) 3.67 दिवस, 1.5 दिवस
(4) 7.17 दिवस, 1.5 दिवस

63. Which of the following is not an objective of NSE clearing Limited ?
(1) To bring and sustain confidence in clearing and settlement of securities.
(2) To provide counter-party risk guarantee.
(3) To promote and maintain, long settlement cycles.
(4) To operate a tight risk containment system.

64. For an activity duration is 5 days and the node at the star has an early start time of 5 days and a latest start time of 6 days. The node at the end has an early start time of 11 days and a latest start time of 12 days. The total float is
(1) 1 day
(2) 2 days
(3) 5 days
(4) 7 days

65. The following time of activity in a project is estimated :
Most likely completion time : 7 days.
Optimistic time : 6 days,
Pessimistic time : 9 days.
What will be the expected time and the variance for this activity ?
(1) 7.17 days, 0.25 days
(2) 7.33 days, 0.25 days
(3) 3.67 days, 1.5 days
(4) 7.17 days, 1.5 days

66. एक या दो पूँछ परीक्षण [one or two tail test] लागू करके, हम निम्नलिखित निर्धारित करने का प्रयास करते हैं :

(1) अस्वीकृति का क्षेत्र (क्रांतिक क्षेत्र) [Region of Rejection], वितरण की एक या दो पूंछो [tails] में स्थित है ।

(2) परिकल्पना के एक या दो संभावित निष्कर्ष है ।

(3) सेम्पल के दो चरम मान [न्यूनतम या अधिकतम] जिन्हें अस्वीकार करने की आवश्यकता है।

(4) विकल्प (1) और (3) दोनों

67. रैखिक प्रतिगमन मॉडल में, कुल भिन्नताएँ होती है :

(1) लघु और प्रमुख विविधताएँ

(2) रैखिक व गैर–रैखिक विविधताएँ

(3) समझाई गई विविधताएँ व नहीं समझाई गई विविधताएँ

(4) विशेष रूप से रैखिक प्रतिगमन मॉडल में "कुल भिन्नताएँ" जैसा कुछ नहीं है ।

68. यदि निर्धारण का गुणांक [coefficient of determination] शून्य के करीब है, तो हम इसकी व्याख्या करते हैं :

(1) जैसा कि शून्य का कोई मतलब नहीं है, इसलिए हम किसी भी चीज की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

(2) एक चर का दूसरे चर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

(3) चरों के मध्य नकारात्मक निर्भरता है ।

(4) चरों के बीच पूरी निर्भरता है ।

66. By applying one or two tail test, we try to determine the following :

(1) Region of rejection is located in one or the two tails of the distribution.

(2) Hypothesis has one or two possible conclusions.

(3) Two extreme values (min or max) of the sample which need to be rejected.

(4) Option (1) and (3) both

67. In the linear regression model, total variations consist of

(1) Minor and major variation.

(2) Linear and non-linear variations.

(3) Explained variations and unexplained variations.

(4) There is nothing like "total variations" in linear regression model specifically.

68. If the coefficient of determination is close to zero, we interpret that

(1) As zero makes no sense so we cannot interpret anything.

(2) One variable has no impact on the other variable.

(3) The variables have negative dependence between them.

(4) The variables have total dependence between them.

69. रैखिक प्रोग्रामिंग [Linear Programming] में गैर–नकारात्मकता का तात्पर्य है :

(1) एक चर का उद्देश्य मूल्य [Objective value] के प्रति नकारात्मक योगदान नहीं हो सकता है ।

(2) एक चर का एक बाधा समीकरण [Constraint equation] में नकारात्मक गुणांक [Negative coefficient] नहीं हो सकता है ।

(3) एक चर का उद्देश्य फलन [objective function] में नकारात्मक गुणांक [Negative coefficient] नहीं हो सकता है ।

(4) एक चर का नकारात्मक मान नहीं हो सकता है ।

70. निम्नलिखित में से कौन सा 'शून्य' परिकल्पना के बारे में सही है :

(1) 'शून्य' परिकल्पना एक प्रतिदर्श सिद्धान्त [Sampling Theory] है ।

(2) 'शून्य' परिकल्पना एक सांख्यिकीय परिकल्पना है जिसको सत्य मानकर संभावित अस्वीकृति के लिये परीक्षण किया जाता है ।

(3) 'शून्य' परिकल्पना एक प्रकार की परिकल्पना है जिसका निदर्शन में कोई अर्थ (महत्त्व) नहीं है ।

(4) 'शून्य' परिकल्पना एक साधन है जो समूह [Universe] के लिए प्रतिदर्श [Sample] की गैर–उपयुक्तता साबित करता है ।

71. पैरामीट्रिक परीक्षण, गैर–पैरामीट्रिक परीक्षणों के विपरीत, इनके बारे में कुछ मान्यताएँ रखते हैं :

(1) पोपूलेशन का आकार

(2) सेम्पल का आकार

(3) अन्डरलाइंग वितरण [Underlying Distribution]

(4) विकल्प (2) और (3) दोनों

69. Non-negativity in linear programming implies that

(1) A variable cannot have a negative contribution towards the objective value.

(2) A variable cannot have a negative coefficient in a constraint equation.

(3) A variable cannot have a negative coefficient in the objective function.

(4) A variable cannot have a negative value.

70. Which of the following is correct about the 'null' hypothesis ?

(1) 'Null' hypothesis is a sampling theory.

(2) 'Null' hypothesis is a statistical concept used for possible rejection under the assumption that is true.

(3) 'Null' hypothesis is a type of hypothesis which has no significance in sampling.

(4) 'Null' hypothesis is a tool that proves the non-suitability of a sample to the Universe.

71. Parametric test, unlike the non-parametric tests, make certain assumption about :

(1) Size of the population

(2) Size of the sample

(3) Underlying distribution

(4) Option (2) & (3) both

72. परिकल्पना परीक्षण में, टाइप II त्रुटि (Type II error) तब होती है, जब :

(1) हम एक शून्य परिकल्पना को स्वीकार करते हैं जब वह सत्य नहीं है।

(2) हम एक शून्य परिकल्पना को अस्वीकार करते हैं जब वह सत्य है।

(3) हम टाइप I त्रुटि [Type I error] को स्वीकार करते हैं।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. 5% के सार्थकता स्तर [level of significance] को ले कर हम ऐसा कह सकते हैं :

(1) हम 5% आश्वस्त हैं कि परिणाम संयोग से उत्पन्न नहीं हुए हैं।

(2) हम 95% आश्वस्त हैं कि परिणाम संयोग से उत्पन्न नही हुए हैं।

(3) हम 95% आश्वस्त हैं कि परिणाम संयोग से उत्पन्न हुए हैं।

(4) हम 5% आश्वस्त हैं कि परिणाम संयोग से उत्पन्न हुए हैं।

74. काई-स्क्वायर परीक्षण [Chi-square Test] को प्रभावी होने के लिए, 2*2 की कन्टेन्जेन्सी टेबल [Contingency table] में प्रत्येक सेल का अपेक्षित मान कम से कम होना चाहिए।

(1) 5
(2) 4
(3) 10
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. क्रम में किए गए चरों को मापने के लिए सहसम्बन्ध गुणांक का उपयोग किया जाता है

(1) स्पीयरमैन का
(2) पियर्सन का
(3) फिशर का
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

72. In hypothesis testing, Type II error is committed when

(1) We accept a null hypothesis when it is not true.

(2) We reject a null hypothesis when it is true.

(3) We accept the type I error.

(4) None of the above

73. By taking a level of significance of 5%, we can say that

(1) We are 5% confident that the results have not occurred by chance.

(2) We are 95% confident that the results have not occurred by chance.

(3) We are 95% confident that the results have occurred by chance.

(4) We are 5% confident that the results have occurred by chance.

74. For the chi-square test to be effective, the expected value for each cell in the 2*2 contingency table has to be at least :

(1) 5
(2) 4
(3) 10
(4) None of these

75. To measure ranked variables, correlation coefficient is used

(1) Spearman's
(2) Pearson's
(3) Fisher's
(4) None of the above

76. रैखिक सम्बन्ध का वर्णन करने के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला सूत्र है :

(1) $\overline{y} = b_0 + b_1X + b_2X^2$

(2) $y = a + bx$

(3) $\overline{y} = b_0 + b_1X^2$

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

77. सतत विचरण (प्रसरण) को इस प्रकार भी व्यक्त किया जा सकता है :

(1) लेप्टोक्रेसी [Leptokracy]

(2) समरूपता [Homoscedacity]

(3) को-वैरियांस [Covariance]

(4) उपरोक्त सभी

78. प्रतिगमन विधि का दूसरा नाम हो सकता है :

(1) यूनिवेरियट विधि [Univariate Method]

(2) रैखिक विधि [Linear Method]

(3) समय-शृंखला विधि [Time-series Method]

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

79. क्लासिकल समय शृंखला अपघटन विधि का आधार है :

(1) वार्षिक उपनति मूल्यों का मासिक उपनति मूल्यों में परिवर्तन करना

